झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध)–160 / 2019– 413

प्रेषित,

श्री हलधर सिंह
ग्राम–खुखरा, पो0–खुखरा,
जिला–राँची, झारखण्ड।
पिन–835202

राँची, दिनांक :– 16·06·2023

विषयः– **सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत् प्राप्त आवेदन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत् सूचना उपलब्ध कराने से सम्बन्धित आपका दिनांक–05.06.2023 का आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन के साथ संलग्न 10 / – रू0 का पोस्टल ऑर्डर सं0–59F 940647 *"अध्यक्ष महोदय, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची"* के नाम से है।

अतः उक्त आवेदन के साथ प्राप्त उपरोक्त 10 / – रू0 का पोस्टल ऑर्डर इस पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न कर वापस की जा रही है। कृपया वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु *"जन सूचना पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची"* के नाम से 10 / – रू0 का पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध कराया जाय, ताकि वांछित सूचना आपको उपलब्ध कराई जा सके।

अनुलग्नकः– **10 / – रू0 पोस्टल ऑर्डर मूल रूप में।**

विश्वासभाजन

16/06/23

(सिकन्दर राय)
अवर सचिव–सह–
जन सूचना पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।